






# माली सैनी सन्देश

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता


• वर्ष : 8 • अंक : 91-92 • 22 फरवरी, 2013 • मूल्य : 150/- वार्षिक



पावन स्मृति महात्मा फूले मूल निवास स्थान



सावित्री बाई फूले स्मारक : पूना



## भारत की प्रथम महिला शिक्षिका
## माता सावित्री बाई फूले की 183वीं जयंति पर

# शतः शतः नमन

# जैतारण में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की झलकियां












NO.RAJHIN12897/20/1/2004-TC

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 8 अंक : 91-92 जनवरी-फरवरी, 2013 मूल्य : 150/- वार्षिक

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
( पूर्व पार्षद )

**प्रेस फोटोग्राफर**
**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**
**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**
**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

### आवरण कथा




संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान
चेतन देवड़ा बनें सुमेर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष
जोधपुर भवन धर्मशाला चुनाव में श्री बाबूलाल पंवार अध्यक्ष निर्वाचित
सावित्रीबाई फूले का जीवन प्रेरणादायी- श्री अशोक गहलोत
ललकार नारी की
बीपीएल परिवार की युवतियों के विवाह के लिए सहायता राशि
सरकार के चार साल से हर घर है खुशहाल।
उपभोक्ता हितों की रक्षा एवं उनमें जागृति लाना हम सब का दायित्व - श्री अशोक गहलोत
धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करने वाले किसी का भला नहीं करते - श्री अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने किया सामुहिक विवाह के बैनर का विमोचन
जयनारायण विश्वविद्यालय जोधपुर में समाज के नवनियुक्त सहआचार्य एवं सहायक आचार्य
तीन दिवसीय मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह महोत्सव पूर्वक सम्पन्न
विद्यार्थियों को शिक्षित कर समाज के विकास में भागीदार बनें - श्री सैनी
बिंजवाडिया में 161 युवाओं ने किया रक्तदान
मारवाड़ सेवा संस्थान कार्यकारिणी गठन
श्री ऊँकारराम कच्छवाहा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

# सम्पादक की कलम से ...



## वर्तमान समाज में नारी की महत्वता....

कभी महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई से आरंभ हुआ महिला दिवस आज बहुत दुर तक चला आया हैं पर एक सवला हमेशा उठता है कि क्या महिलाएं आज हर क्षेत्र में बखूबी निर्णय ले रही है। मात्र कुर्सियों पर महिला को बिठा देने से काम नहीं चलने वाला। उन्हं शक्ति और अधिकारी चाहिए, ताकि वे स्वविवेक से निर्णय ले सके। आज नारी राजनीति, प्रशासन, समाज, संगीत, खेल-कूद, फिल्म, साहित्य, शिक्षा, विज्ञान, अंतरिक्ष-सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है। यहां तक कि आज थल सेना, वायु सेना, पुलिस, सूचना तकनीक, इंजीनियरिंग, चिकित्सा जैसे क्षेत्र में वे नित नई नजीर स्थापित कर रही है। यही नहीं श्मशान में जाकर मुखाअग्नि देने से ले पुरोहिती जैस क्षेत्रों में भी रूढ़ियों की धता बता कर महिलाएं हर क्षेत्र में परचम फहराना चाहती है।

वर्तमान दौर में स्त्री का चेहरा बदला है। आज वह पूज्या नहीं, समानता के स्तर पर व्यवहार चाहती है। सादियों से समाज ने महिला को पूज्या बना कर उसकी देह को आभूषणों से लाद कर और आदर्शो की परंपरागत घुट्टी पिला कर उसके दिमाग को कुंद करने का काम किया, पर अपने-अपनने क्षेत्रों में ख्याति हासिल कर अनेक महिलाएं शक्ति बन कर समाज को नई राह दिखा रही है और वैश्विक स्तर पर नाम रोशन कर रही है। नारी की शिक्षा-दीक्षा और व्यक्तित्व विकास के क्षितिज दिनोंदिन खुलते जा रहे है। जिससे नए-नए क्षेत्रों का विस्तार हो रहा है। कभी अरस्तू ने कहा कि स्त्रियां कुछ निश्चित गुणों के अभाव के कारण स्त्रियां है और संत थॉमस ने स्त्रियों को 'अपूर्ण पुरूष' की संज्ञा दी थी। लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ऐसे तमाम सतही सिद्धांतो का कोई अर्थ नहीं रह गया है और नारी अगर वह जीवट के दम पर खुद को एक संपूर्ण व्यक्तित्व के रूप मे देख रही हैं। आज अगर वह अपने दम पर आगे बढ़ना चाहती है तो उसकी क्षमताओं पर सवाल उठा कर उसके स्वाभाविक अधिकारों का दमन क्यों किया जा रहा है?

दूसरी ओर, यह भी सच है कि इन सबके बावजुद बहुत कम माता-पिता है जो बेटे-बेटियों में कोई फर्क नहीं समझते है। आज भी में बेटी पैदा होने पर नाक-भौं सिकोड़ी जाती है। क्या ऐसा इसलिए किया जाता है कि स्त्री समाज के बीच यह अहसास पुख्ता किया जा सके कि वह नारी हैं वह नारी, जिसे 'अबला' की संज्ञा देने से लेकर ताड़ना तक का अधिकारी बताया गया है। अपने समय में सीता के सतीत्व को चुनौती दी गई, द्रौपदी की इज्जत को सरेआम तार-तार किया गया तो आधुनिक समाज में भी ऐसी घटनाएं रोज घटित होती है। तो क्या बेटी के रूप में जन्म लेना ही अपराध है?

मुझे लगता है कि जब तक समाज इस दोहरे चरित्र से ऊपर नहीं उठेगा, तक तक स्त्री को वास्तविक स्वतंत्रता नहीं मिल पाएगी। महिला दिवस जैसे अवसरों की सार्थकता तभी साबित होगी, जब महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, वैचारिक रूप से संपूर्ण आजादी मिलेगी। जहां उन्हें कोई प्रतिड़ित नही करेगा, कन्याओं की भ्रूण में ही हत्या नहीं की जाएगी, बलात्कार जैसी घटनाओं का नामों-निशान नहीं होगा, दहेज के लोभ में जिंदा नहीं जलाया जाएगा या उनकी खरीद-बिक्री नहीं होगी और समाज के हर महत्त्वपूर्ण फैसलों में उनके नजरिए को समझा और क्रियान्वित भी किया जाएगा, वही उसके लिए अपना समाज होगा। वरना अपने दम पर खड़ी होने वाली स्त्रियों पर उंगली उठार कर उन्हें इस समाज का 'बाहरी' हिस्सा मानने वालों की कमी नहीं है।

**जय माली सैनी समाज**



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

### साधारण सभा बैठक संपन्न

# संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान



संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा नागोर की साधारण सभा की बैठक दिनांक 13 जनवरी 2013 रविवार सुबह 11.00 बजे माली समाज भवन चैनार रोड़, नागोर में प्रारम्भ हुई। बैठक से पूर्व संत शिरोमणिजी लिखमीदास जी महाराज धाम अमरपुरा में आरती हुई जिसमें राजस्थान प्रदेश के अलावा गुजरात महाराष्ट्र से अतिथियों ने भाग लिया।

सभा श्री उम्मेदाराम जी माली अखिल माली समाज मुम्बई के मुख्य आतिथ्य में हुई जिसमें पूज्य सन्त श्रीरामरतन जी रामस्नेही, गुजरात के अहमदाबाद माली समाज अध्यक्ष श्री गंगाराम जी गहलोत, संस्थान अध्यक्ष श्री राजेन्द्रजी गहलोत, उपाध्यक्ष श्री मोतीलालजी सांखला सचिव श्री नरेन्द्रसिंहजी कच्छवाहा, सह सचिव श्री मनोहरलाल परिहार, सह सचिव श्री मनोहरलाल परिवार कोषाध्यक्ष श्री बहादुरसिंह जी भाटी, के साथ अखिल भारतीय माली सेवा संस्थान पुष्कर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री ओंकाररामजी कच्छवाहा, पूर्व अध्यक्ष श्री सेवाराम जी दगदी, माली समाज अध्यक्ष नागोर के रुपाराम जी देवड़ा, अरबन कोपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष श्री कृपारामजी सोलंकी नागोर नगर परिषद अध्यक्ष विरदीचन्द जी सांखला, बालोतरा नगर परिषद अध्यक्ष श्री महेश जी चौहान, उपाध्यक्ष श्री ओमाराम जी पंवार, पूर्व चेयर मैन नागौर के जीवनमलजी भाटी, बावड़ी प.स. जोधपुर के उपप्रधान श्री कालूराम जी सांखला, आसोप संरपच श्री जितेन्द्र जी परिहार, समदड़ी सरपंच श्री बाबूलाल जी परिहार अहमदाबाद से भाई महफत भाई माली सन्देश, जोधपुर के पत्रकार मनीष गहलोत इत्यादि अतिथि मंच पर विराजमान थे। माली समाज सागरिया जोधपुर के अध्यक्ष रामचन्दजी देवड़ा। बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व अतिथियों द्वारा संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज के चित्र पर मालार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

संस्थान उपाध्यक्ष श्री मोतीलाल जी सांखला ने इस सभा में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत स्वागत भाषण द्वारा किया गया। संस्थान सचिव श्री नरेन्द्रसिंह कच्छवाहा ने संस्थान के साधारण सभा व कार्यकारिणी द्वारा किये गये निणर्यों को पढ़कर सुनाया जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने सहमति से पुष्टि की। संस्थान कोषाध्यक्ष श्री बहादुरसिंहजी भाटी ने संस्थान का आय व्यय पेश किया। सभी सदस्यो ने काम में और गति लाने का कहा।

संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज का मन्दिर निर्माण समिक्षा एवं देव मन्दिर पर चर्चा पर संस्थान उपाध्यक्ष श्री मोतीलाल जी सांखला भाग लेते हुए बताया कि समाधि मन्दिर के साथ देव मन्दिर भी बनना चाहिये। तथा देव मन्दिर में 54 खम्बे बनेंगे इस हेतु एक-एक खम्भा हेतु एक एक दान दाताओं की आवश्यकता है। इस पर तत्काल 6 दानदाताओं ने अपने अपने नाम की घोषणा की। इसके साथ ही सांखला जी ने बताया कि पूर्ण मन्दिर निर्माण तक वर्तमान कार्यकारिणी ही संस्थान का कार्यभार संभालेगी। उस पर सभी सदस्यो ने अपने अपने हाथ ऊपर कर समर्थन किया।

श्री गंगाराम जी गहलोत ने उद्बोधन में बताया कि समाधि मन्दिर के पास देव मन्दिर व अन्य गतिविधियों हेतु अन्य आवास बनने चाहिये तथा उस हेतु वर्तमान पदाधिकारी के कार्य हाथ में रहना चाहिये।

श्री ओंकाररामजी कच्छवाहा श्री सेवाराम जी दगदी श्री भगव्रानारामजी सुन्देशा,श्री ढगलारामजी बागड़ी, श्री भोमारामजी पंवार, श्री भंवर परिहार इत्यादि लोगों ने चर्चा में भाग लेकर समाधि मन्दिर, देव मन्दिर निर्माण तथा कार्यकारिणी का कार्यकाल बढ़ाने पर अपने अपने विचार रखें। श्री हरेन्द्र देवड़ा ने भाग लेकर बताया कि समाज के ह र घर व हर प्रतिष्ठान में संत जी की तस्वीर (चित्र) लगनी चाहिये।

संस्थान अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जी गेहलोत ने बैठक में पधारे सभी सदस्यों, अतिथियों का आभार प्रकट किया तथा बताया कि समाधि के साथ देव मन्दिर निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम दो तीन माह में बनाया जायेगा, तथा जो सुझाव आये हैं उस पर भी कार्य किया जायेगा। मुख्य अतिथि श्री उमेंदाराम जी परिहार ने मन्दिर निर्माण में तन मन धन से सहयोग करने का कहा। संत श्री रामरतन जी रामस्नेही ने सभी को आगे भी इसी प्रकार सहयोग की कामना की तथा धन्यवाद प्रकट किया। साथ ही सभी को भोजन का न्यौता देकर इस सभा की समाप्ति की घोषणा की। संस्थान अध्यक्ष ने नागोर क्षैत्र के शेष बचे दानदाताओं को प्रशस्ति-पत्र संत श्री लिखमीदासजी का चित्र देकर माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया।

# चेतन देवड़ा बनें सुमेर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष

## विद्यालय समिति चुनाव में रिकार्ड 97 प्रतिशत मतदान एवं रिकार्ड 98 लाख सदस्यता शुल्क जमा

**निवार्चित निदेशक मण्डल पदाधिकारी**



**चेतनप्रकाश देवड़ा**
अध्यक्ष



**दिलीपसिंह गहलोत**
उपाध्यक्ष



**लतेश भाटी**
महासचिव



**कपिल कच्छवाहा**
सचिव



**बाबुलाल गहलोत**
कोषाध्यक्ष

जोधपुर। माली समाज की 115 वर्ष पुरानी श्री सुमेर शिक्षण संस्थान के चुनाव दिनांक 10 फरवरी, 2013 को संपन्न हुए। इन चुनावों में कुल 2700 सदस्यों में से रिकार्ड 2616 सदस्यों ने भाग लिया इस तरह कुल 97 प्रतिशत मतदाताओं ने इन चुनावों में मतदान में भाग लिया।

चुनाव अधिकारी श्री प्रेमसिंह परिहार ने बताया कि विद्यालय के निदेशक मण्डल में श्री चेतन प्रकाश देवड़ा ने श्री राजेन्द्र सिंह परिहार को पराजित कर अध्यक्ष के चुनाव में जीत दर्ज की इसी प्रकार श्री दिलीप सिंह गहलोत ने श्री गोविंद सिंह गहलोत को हरा उपाध्यक्ष, श्री लतेश भाटी ने श्री जगन्नाथ सिंह गहलोत को हरा महासचिव, श्री कपिल कच्छवाहा ने श्री महेन्द्र तंवर को हरा कर सचिव के पद पर विजयश्री प्राप्त की इसके साथ ही कोषाध्यक्ष के पद पर श्री बाबूलाल गहलोत ने श्री चन्द्रसिंह देवड़ा को हरा कर विजयश्री प्राप्त की।

इस बार के चुनावों में प्रत्याशियों ने पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार किया जिसमें सेकड़ों समर्थकों के साथ प्रत्याशियों ने समस्त मतदाताओं के घर घर जाकर चुनाव में मत व समर्थन के लिए जमकर प्रचार प्रसार किया।इसबार के हाईटेक चुनाव प्रचार में मोबाईल, इण्टरनेण्ट, एस.एम.एस. के माध्यम से जमकर प्रचार प्रसार किया गया। प्रत्येक प्रत्याशी ने अपनी ओर से भरसक प्रयास किया।

इसबार के चुनावों में पहली बार समस्त मतदाताओं के लिए फोटो युक्त परिचय पत्र बनवायें गये इसके साथ ही चुनावों में कम्प्यूटर के द्वारा समस्त प्रत्याशियों के विवरण एवं फोटो का ब्यौरा भी डाला गया निष्पक्ष चुनाव करवाने हेतु सभी मतदातओं की मतदाता सुची मय फोटो प्रकाशित की गई साथ ही फोटो एवं मतदाता की पहचान साबित होने पर ही मतदाता को मतदान करने की अनुमति प्रदान की गई इसके लिए प्रत्येक बूथ पर कम्प्यूटर में फोटो अपलोड की गई थी। इन चुनावों में समाज के सभी वर्गो ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया। यह संभवत पहला मौका होगा जब समाज के इस शिक्षण संस्थान के चुनावों में मतदाता को इतनी मान मनवार की गई। प्रत्याशियों ने विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव कार्यालय भी खोले।

समाज के इन चुनावों में जो एकता का प्रदर्शन किया गया। वह प्रदर्शन व एकता आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में समाज के उम्मीदवारों के लिए भी अगर समाज के बुद्धिजीवियों के साथ की जाए तो निश्चित ही समाज के प्रत्याशी का इसका विशेष लाभ मिलेगा एवं समस्त पार्टियों को भी माली समाज की एकता का अहसास होगा।

संस्थान के कार्यकारिणी सदस्यों के चुनावों में श्री अरविंद परिहार, श्री अर्जुन सिंह गहलोत, श्री देवीसिंह सोलंकी, श्री अनिल कुमार कच्छवाहा, श्री जसवंत सिंह कच्छवहा, श्री अनिल देवड़ा, श्री मनोज सोलंकी, श्री झुमरलाल टाक, श्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी, एवं श्री नरेश सांखला ने विजयश्री प्राप्त की। चुनाव परिणाम घोषित होने के पश्चात विजयी प्रत्याशियों का जुलूस निकाला गया धूमधाम से विजयी प्रत्याशियों ने समाज के गणमान्य जनप्रतिनिधियों एवं समासेवियों के पास जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

दिनांक 14 फरवरी को कार्यकारिणी सदस्यों में से प्रंबध समिति के पदाधिकारियों के लिए समस्त विजयी प्रत्याशियों ने सर्व सम्मति से श्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी को प्रंबध समिति के अध्यक्ष पद पर चुना इसी प्रकार प्रंबध समिति पदाधिकारियों के अन्य पदों पर श्री नरेश सांखला को सचिव, श्री अर्जुनसिंह गहलोत को उपसचिव एवं श्री अनिलकुमार कच्छवाहा को कोषाध्यक्ष के पद पर चुना गया। पूर्व में सहवृत सदस्यों के रूप में डॉ अनिल भण्डारी, श्री पूनमचंद विश्नोई, श्री मदनलाल बोराणा एवं विद्यालय स्टॉफ प्रतिनिधी के रूप में मीना शर्मा को सहवृत सदस्य बनाया गया। समस्त विजयी प्रत्याशियों को बधाई



**नरेन्द्र सिंह सोलंकी**
अध्यक्ष



**नरेश सांखला**
सचिव

**निवार्चित प्रंबध समिति पदाधिकारी**



**अर्जुनसिंह गहलोत**
उपसचिव



**अनिलकुमार कच्छवाहा**
कोषाध्यक्ष

# जोधपुर भवन धर्मशाला चुनाव में श्री बाबूलाल पंवार अध्यक्ष निर्वाचित

**अखिल भारतीय माली समाज संस्थान, हरिद्वार के चुनाव में समाज के 8500 मतदाताओं ने चुनावों में भाग लिया**




जोधपुर। अखिल भारतीय माली समाज संस्थान जोधपुर भवन धर्मशाला हरिद्वार के चुनावों में श्री बाबूलाल पंवार सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गये। चुनाव अधिकारी श्री राजेन्द्र भाटी ने बताया कि इन चुनावों में समाज के संस्थान के 9200 सदस्यों में से करीब  सदस्यों ने चुनाव में भाग लिया।

इन चुनावों में 21 ट्रस्टियों के चुनावों हेतु कुल 33 प्रत्याशियों ने चुनाव में अपना भाग्य अजमाया। दिनांक 6 जनवरी, 2013 को हुए चुनावों में 33 में से जिन 21 प्रत्योशियों ने सर्वाधिक मत प्राप्त किये उन्हें विजयी घोषित किया गया।

चुनाव अधिकारी ने बताया कि इस चुनाव में श्री बाबूलाल पंवार, श्री किशोरसिंह सांखला, श्री जेठूसिंह कच्छवाहा, श्री आनंदसिंह कच्छवाहा, श्री प्रेमसिंह देवड़ा, श्री प्रदीप परिहार, श्री सुरेन्द्र सांखला, श्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी, श्री नरपत सिंह सांखला, श्री चन्द्रसिंह देवड़ा, श्री महेश कुमार टाक, श्री पृथ्वीसिंह गहलोत, श्री नरेश सांखला, श्री चैनसिंह पंवार, डॉ. चिमनसिंह परिहार, श्री डुंगरसिंह गहलोत, श्री भगवानसिंह गहलोत (गुड्डसा), श्री ताराचंद सांखला, श्री माणकराम सांखला (बालेसर), श्री महेन्द्र सिंह कच्छवाहा एवं श्री अर्जुनसिंह भाटी (भोपालगढ़) निर्वाचित घोषित किये गये।

सभी विजयी 21 प्रत्याशियों में से दिनांक 07 जनवरी, 2013 को पदाधिकारियों के लिए चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसमें सर्वसम्मति से श्री बाबूलाल पंवार को अध्यक्ष, श्री जेठूसिंह कच्छवाहा को उपाध्यक्ष, श्री किशोर सिंह सांखला को मंत्री, श्री सुरेन्द्र सांखला को उपमंत्री, श्री प्रेमसिंह देवड़ा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी ट्रस्टी सदस्यों एवं पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह का आयोजन अगले दिन आयोजित किया गया।

पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत की अध्यक्षता एवं माली संस्थान, जोधपुर के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित शपथग्रहण समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नरेन्द्र कच्छवाहा, श्री किशोरसिंह परिहार, समाजसेवी श्री जसवंत सिंह कच्छवाहा, श्री ऊँकारराम कच्छवाहा, श्री रामरतनजी रामस्नेही महाराज के विशिष्ठ आतिथ्य में सभी को शपथ दिलाई गई। पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत ने सभी पदाधिकारियों एवं ट्रस्टियों को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में संस्थान के विकास में नये आयाम स्थापित करने की बात कही। सभी विजयी पदाधिकारियों ने संस्थान हित में हरसंभव कार्य करने की बात कही।

संस्थान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार ने संस्थान की भावी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि संस्थान अतिशीघ्र अहमदाबाद में समाज के मरीजों एवं उनके परिजनों को होने वाली असुविधा के निर्वारण हेतु भवन खरीद करने की कार्यवाही करेगा साथ ही केदारनाथ, ब्रदीनाथ में भी जोधपुर भवन के लिए जमीन को खरीद वहां धर्मशाला का निर्माण करवा समाज के श्रृद्धालुओं के लिए हरिद्वार जिसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास करेगा।

मंत्री श्री किशोर सिंह सांखला ने सभी मतदाताओं का आाभार प्रकट करते हुए संस्थान के हित में पूर्व की भांति कार्य करने की बात कहीं, श्री किशोरसिंह सांखला पिछले 15 वर्षो से इस संस्था से जुड़े है उन्होनें जोधपुर में बन रहे एम्स के पास अतिशीघ्र भूमि खरीद कर भविष्य में जोधपुर के अलावा बाहर से आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए वहां धर्मशाला का निर्माण करवा उन्हें सुविधाएं देने की बात कही। इस अवसर पर श्री नरेन्द्र कच्छवाहा, श्री जसवंत सिंह कच्छवाहा, श्री ऊँकारराम कच्छवाहा सहित समाज के समाजसेवियों के साथ सैकड़ों समाजबंधुओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई प्रेषित की। माली सैनी संदेश परिवार सभी को हार्दिक बधाई प्रेषित करता है।

## देशभर में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंति धूमधाम से मनाई

# सावित्रीबाई फूले का जीवन प्रेरणादायी– श्री अशोक गहलोत



जयपुर 3 जनवरी, आधुनिक भारत की प्रथम शिक्षिका कान्तीपुंत माता सावित्री बाई फुले की 183 वीं जयन्ती श्रद्वापूर्वक मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्टीय संस्थान विधाधर नगर जयपुर के तत्वाधान में हुए श्रृद्धांजली समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर संस्थान की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।

संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मांगीलाल पंवार ने बताया कि उन्नीसवी सदी में शुद्रों–अतिशुद्रों व स्त्री शिक्षा को पाप माना जाता था उस समय महात्मा ज्योतिबा फुले ने भारत में शैक्षणिक कान्ती का सूत्रपात कर अपनी धर्मपत्नी सावित्री बाई फुले को शिक्षित किया तत्पश्चात 1 जनवरी 1848 का पूणे के बुधवार पैठ में प्रथम महिला विद्यालय खोला गया जहां सावित्री बाई फुले बतौर शिक्षिका छात्राओं के अध्यापन का कार्य करती थी। इसके अतिरिक्त सावित्री बाई फुले ने विधवा विवाह व समाज सुधार के अनेकों कार्य किये इसलिये उनकी याद में उनके द्वारा चलाये स्त्री शिक्षा के आन्दोलन को चलाये रखने के लिए राष्ट्रीय संस्थान प्रतिवर्ष सावित्री बाई फुले की जयन्ती मनाता हैं।

कार्यक्रम संयोजक पूनमचन्द कच्छावा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 183 यूनिट संग्रहित किया गया। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री रामकिशोर सैनी, डांग बोर्ड अध्यक्ष सत्यनारयण सिंह, विधायक भगवान सहाया सैनी, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी अध्यक्ष आर.डी.सैनी, कोटा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति घनश्याम देवड़ा, पार्षद विनीत साखंला, ज्ञानचन्द सैनी, प्रदेश कांग्रेस सचिव ओम राजोरिया,विकम सिंह शेखावत शिक्षाविद्ध डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर आदि उपस्थित थे। सभी आगन्तुको का स्वागत अनुभव चन्देल एवं युवा जिलाध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया ने किया व मंच संचालन मोहन राजोरिया ने किया।

**जोधपुर :** देश की प्रथम महिला शिक्षिका श्रीमतती सावित्री बाई फूले जन्म 03 जनवरी 1831 की जयंती ठाकुरजी मन्दिर सामुदायिक भवन में बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। महात्मा ज्योतिराव फूले की धर्मपत्नि सावित्री बाई फूले न केवल प्रथम अध्यापिका थी, बल्कि वह नारी सामाजिक चेतना तथा आधुनिक शब्दावली में महिला सशक्तिकरण अवधारणा एवं आन्दोलन की प्रर्वतक थी श्रीमती फूले ने जाति धर्म से उठकर विरोधों के बावजूद महिला शिक्षा सशक्तिकरण व छुआछुत मिटाने के लिए प्रयासरत रही, आप एक प्रतिभाशाली लेखिका व कवयित्री भी थी कार्यक्रम की अध्याक्षता महात्मा फूले मंच के राष्टीय अध्यक्ष श्री मोतीलाल साँखला थे, मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र  गहलोत अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नरेन्द्र कच्छावाह थे इसके साथ ही  माली संस्थान के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री देवीचन्द देवड़ा, माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत, युवा नेता श्री सुभाष गहलोत सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों के साथ ही विभिन्न विद्यालयो की प्रधानाध्यापिकाएं उपस्थित थी। मंच की सम्भाग अध्यक्ष श्रीमती रूपवती देवडा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम हुआ, श्रीमति देवड़ा के



अनुसार पिछले पॉच वर्षो सें लगातार मंच सामाजिक गतिविधियों के साथ जयन्ति उत्सव मना रहा हैं आज जयन्ति उत्सव पर माँ सावित्री के जीवनी के साथ महिलाओं ने अपने प्रभावी वक्तव्य के साथ विद्यालयो से आई बच्चियों ने जिम्नास्टिक का प्रदर्शन व बालिकाओं ने आज के सन्दर्भ में नारी जागृति विषय पर अपने विचारों से अवगत कराया बड़ी उपस्थिति में मातृशक्ति का विशेष वर्चस्व रहा। सफल मंच संचालन भी जयन्तजी साँखला समाजसेव द्वारा किया गया। एल .आई. सी. में एक डी. आर. टी. यु. एस. ए. क्वालीफाई करने पर सम्पतराजजी देवडा व जगदीश देवड़ा को फोटोग्राफी, शिक्षा के क्षेत्र में मधुजी अमिताजी, आनन्दसिंहजी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विशेष सहयोग सुभाष गहलोत, थानसिंह गहलोत दीपक देवडा अखेसिंहजी टाक, पुष्पा साँखला, विनोद गहलोत, सुनिता, सन्दीप गहलोत मनोहरसिंह परिहार व सुनिल देवडा का रहा।

**बीकानेर :** गंगाशहर रोड स्थित माल सैनिक क्षत्रिय सभा भवन में महात्मा ज्योतिबा फूले की धर्मपत्नी सावित्री बाई फूले की 183वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की शिक्षा की महत्ता को रेखांकित किया तथा साथ ही महिला शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं के शिक्षित होन से ही परिवार, समाज व देश का विकास संभव हो सकता है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोपाल ने सावित्री बाई फूले के आदर्शो को अपनाने का आह्वान किया।

उन्हींने कहा कि इससे ही समाज का सर्वागीण विकास संभव है। इस अवसर पर महात्मा ज्योति फूले राष्ट्रीय संस्थान के जिलाध्यक्ष देवकिशन गहलोत, खजांची मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलाब गहलोत, भवन कमेटी के अध्यक्ष तेज रतन भाटी, दिनेश कच्छावा, सचिव मुरली गहलोत, उपाध्यक्ष भुवनेश भाटी, जय ज्योतिबा सेवा संस्थान के अध्यक्ष कैलाश गहलोत, एडवोकेट किशन सांखला, एडवोकेट लीलाधर भाटी, कर्मचारी नेता रघुनाथ सोलंकी, महेश सिंह तंवर आदि ने भी विचार रखे तथा सावित्री बाई फूले को पुष्पांजलि अर्पित की।

वहीं दूसरी ओर राजस्थान प्रदेश माली सैनी युवा महासभी की ओर से रामदेव पैलेस में सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई। महासभा के जिलाध्यक्ष मिलन गहलोत ने कहा कि दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए जो कार्य महात्मा ज्योतिबा फूले और सावित्री बाई फूले ने किया उन्हें सदियों तक याद रखा जाएगा। कार्यक्रम ब्लॉक अध्यक्ष चंदप्रकाश गहलोत, तुलसीराम गहलोत, संतराम कच्छावा, ओमप्रकाश, मेगेस, किशन गहलोत, अशोक कच्छावा, रमण सांखला



आदि ने भी विचार रखे।

**झुंझनु :** महात्मा फुले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से गुरूवार को देश की पहली महिला अध्यापिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष शिक्षाविद छगनलाल धूपिया ने कहा कि देश की नारियों और बालिकाओं को सावित्री फुले के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

धूपिया ने बताया कि फुले ने उस जमाने में  नारी शिक्षा की अलख जगाई थी जब बालिकाओं पर अक्षर ज्ञान का प्रतिबंध था। मुख्य अतिथि गिरधारीलाल कटारिया ने कहा कि सावित्री बाई के ही प्रयास रहे कि आज हमारे देश में महिलाएं आईएएस, आईपीएस आईपीएस और आरएएस बनने लगी हैं। पार्षद महेश जीनगर, प्रदीप सैनी, प्राचार्य शंकरलाल, नरोत्तम लाल खडोलिया व रामावतार विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंगोदिया व गौरीशंकर सैनी ने सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प दिलाया। महेंद्र सिंगोदिया ने आभार व्यक्त किया।

नवलगढ़ के गणेशपुरा स्थित सैनी धर्मशाला में गुरूवार को सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई। अध्यक्षता भोलाराम सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि लादूराम, कजोड़मल सैनी, सरपंच रामनिवास, पूर्व सरपंच सांवर मल, भूदरमल, बुद्धराम सैनी, पार्षद प्रदीप सैनी ने विचार व्यक्त कर समाज सुधार के लिए सावित्री बाई फुले का महत्वपूर्ण योगदान बताया। नारी शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कहीं। मुरली मनोहर सैनी ने आभार जताया। इस अवसर पर दिल्ली दुष्कर्म की पीड़िता व मलसीसर थाने के दोनों पुलिस जवानों के श्रद्धांजलि दी गई।

**जेसलमेर :** देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती गुरूवार को माली सैनी समाज भवन में मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फुले जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष शंकरलाल माली ने बताया कि सावित्री बाई ने अपने पति ज्योतिबा के मार्गदर्शन में चल कर पिछड़ों व गरीबों के हित के कार्य में अपना योगदान दिया। अपने शिक्षिका के कार्यकाल में कई बालिकाओं को अध्ययन के लिए प्रेरित किया। जयंती समारोह में मंच के प्रदेश महामंत्री देवका राम माली ने बताया कि माली समाज के अलावा अन्य जातियों में सावित्री बाई फुले ने अपना योगदान देकर शिक्षा को प्रचार प्रसार किया। माली सैनी समाज के अध्यक्ष प्रेमराज पंवार व महात्मा ज्योतिबा फुले के अध्यक्ष मेघराज परिहार, ग्राम पंचायत अमरसागर के सरपंच भोजराज कच्छावा, चुनी लाल पंवार, बीस सूत्री कार्यक्रम सदस्य के लोगो द्वारा सावित्री बाई की जयंती के अवसर पर अपने अपने विचार रखें।

**जालोर :** शहर के जागनाथ महादेव मंदिर में गुरूवार को माली समाज छात्र संगठन की ओर से सावित्री बाई फुले की जयंती टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अंबालाल माली की अध्यक्षता में मनाई गइ। कार्यक्रम में छात्र संगठन के पदाधिकारियो ने सावित्री बाई फुले की तस्वीर के समख पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में सुरेश सुंदेशा ने सावित्री बाई फुले की जीवनी के बारे में बताया। कार्यक्रम में माली समाज जिलाध्यक्ष दिलीप सुंदेशा ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पूर्व जिलाध्यक्ष  लक्ष्मण सांखला, नगर अध्यक्ष रमेश माली, प्रवीण सोलंकी, सुरेश पराडिया, महेश, मदन, रमेश चौधरी समेत कई जने मौजूद थे। इसी प्रकार हिंदू युवा संगठन की ओर से राघव बाल निकेत उच्च प्राथमिक विद्यालय में सावित्री बाई फले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिंदू युवा संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेश सोलंकी थे, जबकि अध्यक्षता में संस्था प्रधान मूलाराम प्रजापत ने की। कार्यक्रम में अतिथियों ने सावित्री बाई के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष सोलंकी ने कहा कि सावित्री बाई देश पहली साक्षर महिला थी। उन्होंने

महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए अलख जगाई थी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने 'नारी कर प्रयास जगाकर नव निर्माण...' कविता प्रस्तुता की। इस मौके अध्यापक देवेंद्र खत्री, ललित किशोर, हरिसिंह चारण, रीना सैन, संगठन के महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार व छगनमाली नगर अध्यक्ष सुरेश सुंदेशा समेत कई जने मौजद थे।

**सवाई माधोपुर :** सैनी (माली) विकास संस्थान सवाई माधोपुर की ओर से सावित्री बाई फूले का जनमदिवस गुरूवार को सैनी छात्रावास श्याम वाटिका हाउसिंग बोर्ड पर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व सरपंच लटूरलाल सैनी ने माता फूले के दीप प्रज्वलित कर किया। तहसील अध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी ने सावित्री बाई फूले की जीवन पर प्रकाश डाला। सहकोषाध्यक्ष शंकरलाल सैनी एवं कमलेश सैनी ने सावित्री बाई द्वारा बालिका शिक्षा के लिए किए गए प्रयास के बारे में बताया। कमलेश बारवाल ने सैनी छात्रावास का नाम सावित्री बाई या महात्मा ज्योतिबा फूले के नाम से करने को कहा। मंच संचालन प्रवक्ता भगवान माली ने किया। इस अवसर पर लालचंद सैनी, रमेशचंद सैनी, सत्यनारायण सैनी, रिंकू सैनी, हनुमान सैनी, देवीशंकर सैनी, जगदीश प्रसाद माली, महेंद्र सैनी, कन्हैयालाल सैनी, गोविंद सैनी, सुरेशचंद सैनी आदि मौजूद थे।

चौथ का बरवाड़ा कस्बे में स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले विद्यालय में गुरूवार का सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अतिथियों ने उनके आदर्शो पर चलने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पूजा सूमन सैनी, गंगाधर सैनी, कन्हैयालाल सैनी, बिरदीचंद सैनी, लक्ष्मण महावर आदि ने बालिका शिक्षा का बढ़ावा देने, कुरीतियों को त्यागने तथा समाज के लिए कार्य करने की बात कही।

**तिंवरी:** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की 183वीं जयंती पर जन सहयोग मंच जोधपुर के जिला संयोजक सांवर परिहार के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने सावित्री बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जिला संयोजक परिहार ने फूले के आदर्शों पर चलने आव्हान किया । उन्होंने फूले की जीवनी का परिचय भी दिया। श्रद्धांजलि सभा में जिला उपसंयोजक युधिष्टिर परिहार, ओसियां विधानसभा सहसंयोजक रामकिशोर परिहार, सुमेरलाल परिहार, नेशनल कांग्रेस ब्रिगेड युवा जिलाध्यक्ष पप्पूराम परिहार, जिला प्रवक्ता अशोक टाक, मदन सांखला, सेठाराम परिहार सहित कई कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया।

जैतारण (पाली) स्थानीय माली (सैनी) संस्थान के तत्वाधान में 3 जनवरी 2013 को भरत की प्रथम महिला शिक्षिका स्व. श्रीमती सावित्री बाई फुले की 183वीं जयन्ती समारोह स्थानीय मालीयान बगीची प्राईवेट बस स्टेण्ड जैतारण में महात्मा जयोति बा फुले राष्ट्रीय संस्थान के जिलाध्यक्ष रामेश्वरलाल भाटी के मुख्य अतिथि में जयन्ती समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता माली (सैनी) समाज संस्थान के अध्यक्ष नारायणलाल गहलोत ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवम् समाज के गणमान्य बन्धुओं द्वारा महात्मा ज्याति बा फुले एवम् स्व. श्रीमती सावित्री फुले के चित्र को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

इस अवसर पर महात्मा ज्योति बा फुले राष्ट्रीय संस्थान के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रामेश्वरलाल भाटी का माली समाज के अध्यक्ष नारायणलाल गहलोत द्वारा माला व साफा पहनाकर बहुमान किया गया । मुख्य अतिथि अध्यक्ष सहित समाज के श्री रामेश्वरलाल तँवर, पन्नालाल पालड़िया, अमरचन्द सोलंकी, नाथूलाल रूणेचा, अविनाश गहलोत आदि ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए फुले दम्पति द्वारा दलितों उद्धार हेतु किये गये कार्यो एवम् प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। नाथूलाल रूणेचा ने महात्मा ज्योति बा फुले एवम् सावित्री बाई फुले की तस्वीर समाज को भेंट की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से लक्ष्मीनारायण गहलोत बगदाराम भाटी सम्पतराज गहलोत, राजूराम भाटी, राजू पत्रकार, नरपतसिंह तँवर बाबूलाल गहलोत शहर अध्यक्ष महात्मा ज्योति बा फुले संस्थान भेराराम सोलंकी, किशनलाल भाटी, श्यामलाल सोलंकी, चम्पालाल गहलोत, चम्पालाल सोलंकी आदि उपस्थित थे।

# ललकार नारी की

नहीं है अबला एक नारी
अब है मर्दो तुम्हारी बारी
नहीं रोयेगी अब ये नारी
सुनलो अब ये मर्दो की दुनिया सारी
नहीं सहेगी अत्याचार अब ये नारी
कर दिय ऐलान उसने ये भारी
चमन में सबसे खुबसूरत है नारी
लेकिन नहीं चुकायेगी किमत वो भारी
नहीं..................................
ना कर नर तु नारी का इतना अपमान
नहीं तो ना द पायेगे हम तुझका सम्मान
क्यों देखता हैं तु नारी के सुन्दर तन को
क्यों नहीं देख सकता उसके सुन्दर मन को
बंद करो ये अत्याचार क्यूं सेह नारी ये बार-बार
चाहिए अब हमका इसांफ
सुनलों ऐ मर्दो ये साफ-साफ
नहीं.......................................
रोयेगे दुष्कर्मी हसेंगी नारी
जाग चुकी है दुनिया नारी
ना कर नारी को इतना मजबूर
हो ना जाये तेरा धमण्ड चूर-चूर
चाहिए नारी का बस इंसाफ
नहीं करेगे अब मर्दो को माफ
क्यों ओढे चादर ये नारी



प्रस्तुति : श्रीमती किरण गहलोत



राजस्थान सरकार की
जनकल्याणकारी योजना

# बीपीएल परिवार की युवतियों के विवाह के लिए सहायता राशि

योजना का नाम : **सहयोग योजना।**

**योजना का संक्षिप्त परिचय:** राज्य सरकार की ओर से आर्थिक दृष्टि से कमजोर बीपीएल में चयनित परिवारों की पुत्रियों के विवाह के लिए अनुग्रह/सहायता राशि स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है।

**लाभन्वित वर्ग : आर्थिक दृष्टि से कमजोर बीपीएल में चयनित परिवार।**

**पात्रता के लिए शर्ते:** आवेदक गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करता हो तथा चयनित बीपीएल परिवार का हो। परिवार की अधिकतम 2 कन्या संतानों के विवाह के लिए यह सहायता देय है। विवाह योग्य कन्या की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आयु का प्रमाण पत्र, यदि स्कूल में पढ़ने गई है तो स्कूल का प्रमाण पत्र, यदि स्कूल नहीं गई है ता चेयरमैन नगरपालिका/महापौर नगर निगम/सरपंच/प्रधान द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र मान्य है।

**योजना अंतर्गत प्रदत्त लाभ व देय सुविधाएं:** प्रत्येक कन्या (दो से अधिक न हो) की शादी के लिए इस दस हजार रूपए की राशि देय है। 10वीं उत्तीर्ण कन्याओं के विवाह पर 5,000 रूपए अतिरिक्त कुल 15,000 रूपए एवं स्नातक उत्तीर्ण कन्याओं के विवाह पर 10,000 रूपये अतिरिक्त कुल 20,000 रूपए देय है।

**आवेदन का तरीका:** निर्धारित आवेदन पत्र में समस्त औपचाररिकताएं पूर्ण कर जिलाधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को प्रस्तुत करें।

**आवेदन के साथ औपचारिकताएं:** आवेदक को बीपीएल में चयनित परिवार होने के प्रमाण स्वरूप, बीपीएल कार्ड की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करनी होती है तथा चयनित सूची क्रमांक अंकित करना होता है। आवेदन पत्र के साथ सदस्य (पार्षद), अध्यक्ष नगरपालिका, नगर परिषद, महापौर नगर निगम के माध्यम से विधायक/प्रधान की अभिशंषा पर ही राशि स्वीकृत की जाती है।

**निर्धारित समय सीमा:** आवेदन पत्र प्राप्त होने के 7 दिवस में औपचारिकताएं पूर्ण कर 15 दिन में भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर भुगतान किए जाने का प्रावधान है।

**सम्पर्क सूत्र : संयुक्त निदेशक योजना एवं प्रभी महिला कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान जयपुर।**

# सरकार के चार साल से हर घर है खुशहाल।

दोहा-लोहागढ़ में खिल रहे, रनव आखर के फूल।
घर-घर महकी है खुसी, रहा न कोई शूल।।

टेक-चार साल में विकास का जो छाया है तूफान
सारे जगत में अलग छंता है अपना राजस्थान

आओ सब मिलकर आओ, दश संग कदम बढ़ाओं
1. मजदूर किसान के चेहरे, खुशियों से खिले हुए है।
हर तरह की सुविधाओं के, अधिकार जो मिले हुये है।
अशोक की सरकार ने इनका, बढ़ा दिया है मान।
आओ सब मिल कर आओ....
2. कम किये शराब क ठेकें, जीवन ही बदला रहें हैं
जो ये गहरी खाई मे, आ ऊपर संभल रहें है।
शाम आठ बजे बन्द हो रहे, छाय रही मुस्कान।
आओ सब मिलकर कर आओ....
3. हर जगह जहाँ भी जाओ, सड़कों का जाल बिछा है।
विद्यालय गाँव-गाँव में, शिक्षा का फूल खिला है।।
चार वर्ष का कार्य आपका, बता रहा पहचान।
आओ सब मिलकर आओ....
4.नि:शुल्क दवा वितरण से, जीवन की रक्षा कीनी।
जननी सुरक्षा द्वारा, सुघ महिलाओं की लीनी।।
बिना औषधि अम जनता की, नहीं जा सकती जान
आओ सब मिलकर आओ....
5. प्रशासन शहर गाँव संग, अभियान बड़ा ही प्यारा।
बरस पचास के बाद घर का पट्टा मिला हमारा।।
एक छत के नीचे तुरंत, हो रहे जन के समाधान।
आओ सब मिलकर आओ....
6. दो रूपया किलो गेहू से, अब भूखा रहे न कोई।
इन्दिरा आवास के द्वारा, घर का सपना सच होई।।
राम राज सा भोग रहा, अब सारा राजस्थान।
आओ सब मिलकर गाओ....

लेखक-
**जगदीश आर्य, भरतपुर**
मो. 8058564220

उपभोक्ता जागृति पुस्तिका के विशेषांक एवं कैलेण्डर का लोकार्पण

# उपभोक्ता हितों की रक्षा एवं उनमें जागृति लाना हम सब का दायित्व – श्री अशोक गकहलोत



जयपुर। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने आज यहां अपने राजकीय निवास पर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपभोक्ता जागृति पुस्तिका के विशेषांक, कैलेण्डर एवं पोस्टर का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर ऐसे प्रकाशन जन चेतना की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता हमारी सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र बिन्दु हैं। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने और उन्हें जागरुक बनाना हम सब का दायित्व है। उन्होंने उपभोक्ता चेतना के प्रयासों की सराहना करते हुए इस दिशा में अधिक से अधिक प्रयास करने पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायाधिपति श्री अशोक परिहार, प्रमुख शासन सचिव खाद्य एवं आपूर्ति डॉ. ललित मेहरा, रजिस्ट्रार श्री भुवन गोयल, पुस्तिका के मुख्य सम्पादक डॉ. चंद्रिका प्रसाद शर्मा, सम्पादक मंडल के सदस्य श्री कमलराज सिंघवी, श्री उदयचंद्र बारूपाल तथा राज्य आयोग के न्यायिक एवं गैर न्यायिक सदस्य भी उपस्थित थे।

राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर द्वारा प्रकाशित इस पुस्तिका के विशेषांक में राज्य आयोग एवं जिला उपभोक्ता फोरम की गतिविधियों के साथ-साथ उपभोक्ता अधिकारों व इनके प्रति जागृति पैदा करने वाली सामग्री का समावेश किया गया है। इसके साथ ही सूचना के अधिकार तथा लोक सूचना अधिकारियों व अपीलीय अधिकारियों का संपूर्ण विवरण भी उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने राज्य आयोग के वार्षिक कैलेण्डर का भी लोकार्पण किया। इस कैलेण्डर में सभी जिला उपभोक्ता मंच को महीने में एक दिन विधिक साक्षरता शिविर और लोक अदालतें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे मुकदमों का प्रभावी निस्तारण शीघ्र हो सके।

इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण आम आदमी एवं जन आंदोलन शीर्षक से प्रकाशित पोस्टर का भी विमोचन कराया गया।

# धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करने वाले किसी का भला नहीं करते – श्री अशोक गहलोत




जोधपुर 3 फरवरी। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा है कि धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करने वाले तथा साम्प्रदायिकता फैलाने वाले लोग देश, कौम एवं समाज का भला नहीं करते। श्री अशोक गहलोत रविवार शाम जोधपुर में सूरसागर स्थित बड़ा रामद्वारा में शोध केन्द्र, अतिथिगृह, पुस्तकालय एवं वाचनलाय के उद्घाटन समारोह में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित कर रहे थे।

श्री गहलोत ने कहा कि जिस प्रकार धर्मशाला बनाने से तीर्थ स्थल का विकास होता है उसी प्रकार शोध केन्द्र तथा अतिथि शाला बनाने से शोधकार्य का विकास होगा। उन्होंने कहा कि इस रामद्वारे में अत्यंत प्राचीन काल की पांच हजार हस्तलिखित पुस्तकें हैं जिन्हें देखकर बहुत प्रसन्नता होती है। इन ग्रंथों का उपयोग देश-विदेश के शोधार्थी करते रहे हैं, अब इस कार्य में और भी तेजी आयेगी तथा शोध की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धार्मिक स्थलों का विकास करना चाहती है तथा लोगों को वहां तक पहुंचने एवं ठहरने की सुविधायें उपलब्ध करवाना चाहती है। यही कारण है कि सरकार ने इस वित्तीय बजट में राज्य के विभिन्न तीर्थ स्थलों को जोड़ने के लिये 610 सड़कें बनाने का निर्णय लिया। इस योजना में कुल 1156 किलोमीटर सड़कें बनेंगी जिनमें से 412 किलोमीटर सड़कें बन चुकी हैं। इस कार्य पर अब तक 265 करोड़ रुपये व्यय किये गये हैं तथा 100 करोड़ इस मार्च के अंत तक व्यय होंगे।

समारोह को संत रामदासजी महाराज ने भी सम्बोधित किया तथा मुख्यमंत्री द्वारा राज्यसभा सांसद श्री संतोष बागड़ोदिया के कोष से 9 लाख रुपये दिलवाने के लिये आभार प्रकट किया।

समारोह में सांसद पाली श्री बद्रीराम जाखड़, विधायक फलौदी श्री ओम जोशी, महापौर श्री रामेश्वर दाधीच, जिला स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के उपाध्यक्ष श्री जुगल काबरा, जेडीए चेयरमैन श्री राजेन्द्रसिंह सोलंकी, श्री रामदासजी महाराज, श्री मोहनदासजी महाराज, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी श्री पुखराज पाराशर, श्री सईद अंसारी, श्री इकबाल खान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. आर. सी. माथुर, श्री ओमजी सोनी, श्री राजेन्द्र अग्रवाल तथा श्री अजय गहलोत को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने किया सामुहिक विवाह के बैनर का विमोचन




**संस्थान के बैनर का विमोचन करते माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत केन्द्रीय मंत्री जयराम रमेश व समाज के लोगो।**

बस्सी जयपुर। माली समाज विकास संस्थान बस्सी जयुपर (रजि.) के तत्वावधान प्रथम सामुहिक विवाह सम्मेलन 13 मार्च 2013 (फुलेरा दोज) पर महात्मा गॉधी स्टेडियम प्रांगण बिराजपुरा बस्सी जिला जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम सामुहिक विवाह सम्मेलन में 51 जोडो का लक्ष्य रखा गया है। जिसमे विवाह योग्य 51 जोडों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। संस्थान के बैनर का विमोचन माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व केन्द्रीय मंत्री जयराम रमेश के कर कमलों द्वारा बस्सी आगमन के दौरान 25 दिसम्बर 2012 को किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महासभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कार्यक्रम से सम्बन्धित जिम्मेदारिया संस्थान के सदस्यो को सौपी जायेगी। 12 मार्च 2013 कों लगभग 5100 महिलाओ के साथ बस्सी कस्बे कलश यात्रा का आयेजन किया जायेगा। माली सैनी समाज के सभी वर्गो में इस प्रथम सामुहिक विवाह को लेकर जबरदस्त उत्साह है। समारोह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है जिसमें समाज के समाजसेवियों के साथ ही समाज की महिलओं ने भी अपनी सहभागिता जताई है। माली सैनी संदेश परिवार संस्था के इस सफल आयोजन की मंगल कामना करता है।

# श्री ऊँकारराम कच्छवाहा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



पुष्कर। अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन पुष्कर के चुनावों में समाज के वरिष्ठ समाजसेी श्री ऊँकारराम कच्छवाहा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव पर्यवेक्षक श्री ताराचंद गहलोत के अनुसार इन चुनावों के लिए एक समिति बनाई गई जिसमें श्री ताराचंद गहलोत, श्री भंवरलाल, श्री मुकेश अजमेरा को संवैधानिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

रविवार, 6 जनवरी, 2013 को होने वाले चुनाव से एक दिन पहले शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 13 प्रत्याशियों ने श्री ऊँकारराम कच्छवाहा के समाज में किए गए योगदान एवं समाजिक एकता एवं श्री ऊँकारराम कच्छवाहा के सम्मान में अपने नाम वापस ले कर सर्व सम्मति से श्री ऊँकारराम कच्छवाहा को अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष पद निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

चुनाव अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात श्री ऊँकारराम कच्छवाहा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इस पर उपस्थित समस्त पूर्व पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाज के विभिन्न अंचलों से आए सैकड़ों समाजबंधुओं ने श्री ऊँकारराम कच्छवाहा को फूल मालाओं से लाद दिया। श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए संस्था के हित में कार्य करने की बात कही तथा साथ ही सभी का आभार प्रकट किया।

श्री ऊँकारराम कच्छवाहा का विभिन्न जिलों में समाज बंधुओं ने स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन किया जो अभी भी चल रहे है।

माली सैनी संदेश परिवार श्री ऊँकारराम कच्छवाहा को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करने के साथ ही उनके नेतृत्व में संस्था के विकास एवं धर्मशाला में सुविधाओं के बढ़ानें एवं श्रृद्वालुओं के लिए उचित व्यवस्थाओं की उपलब्धता हेतु निवेदन करता है।

## जयनारायण विश्वविद्यालय जोधपुर में समाज के नवनियुक्त सहआचार्य एवं सहायक आचार्य

**वनस्पति विभाग :**

डॉ. श्री प्रवीण गहलोत (सह-आचार्य),

डॉ. सुश्री निशा टाक (सहायक-आचार्य),

डॉ. श्री अलकेश टाक (सहायक-आचार्य)

**इतिहास विभाग**

डॉ. श्रीमती प्रतिभा सांखला (सहायक-आचार्य)

डॉ. श्री भरत देवड़ा (सहायक-आचार्य)

**समाजशास्त्र विभाग**

डॉ. श्री ऋश्रभ गहलोत (सहायक-आचार्य)

**रसायन विभाग**

डॉ. श्रीमती संगीता परिहार (सहायक-आचार्य)

डॉ. श्री रामलाल सैनी (सहायक-आचार्य)

**प्राणीशास्त्र विभाग**

डॉ. श्री हेमसिंह गहलोत (सहायक-आचार्य)

डॉ. श्रीमती लेखू गहलोत (सहायक-आचार्य)

**भू-गर्भ विज्ञान विभाग**

डॉ. श्री विरेन्द्र सिंह परिहार(सहायक-आचार्य)

**समाज के सभी नवनियुक्त सह-आचार्य एवं सहायक आचार्य को माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं।**



# तीन दिवसीय मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह महोत्सव पूर्वक सम्पन्न

जैतारण (पाली) माली (सैनी) समाज संस्थान जैतारण द्वारा नव निर्मित ठाकुरजी मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन दिनांक 31 जनवरी 2012 को जैतारण शहर के मुख्य मार्गों से विशाल भव्य शोभा एवं कलशयात्रा निकाली गई जिसमें समाज के हजारों स्त्री, पुरूष, बालक बालिकाओं ने भाग लिया जिसमें सजी आकर्षक विभिन्न देवी देवताओं की झांकियो ने शहरवासियों का मन मोह लिया। कलश यात्रा प्राईवेट बस स्टेण्ड स्थित मालियान बगीची से प्रारंभ हुई जो दरियावजी महाराज पाट, मालियान हथाई, शिव चौकी, मुख्य बाजार, गोशाला, सरकारी अस्पताल, लखौटिया चौक गोपाल द्वारा, जीनगर बाजार तथा सब्जी मंडी होते हुए नव निर्मित ठाकुरजी के मन्दिर पर पहुँची। बैण्ड बाजों के साथ निकली शोभायात्रा में संत रामाशंकरजी, संत चेतन गिरीजी संत हरिदासजी डॉ. देवऋषि जी आदि साधु सन्तों ने हिस्सा लेकर कलशयात्रा की शोभा बढ़ाई। विभिन्न जाति कुमार प्रजापत, जैन माली, घांची राजपूत राजपुरोहित सीखी, गुर्जर, सैन आदि समाज सहित जन प्रतिनिधियों ने कलश यात्रा के स्वागत में स्वागत गेट पोस्टर सजाये तथा पुष्प वर्षा कर सन्त महात्माओं का स्वागत सत्कार किया। मुख्य मार्गों पर मीठे पानी व शर्बत की व्यवस्था के साथ बिस्कीट चॉकलेट, कचोरियॉं आदि कलश यात्रियों को समाज सेवकों द्वारा वितरित की गई। कलशयात्रा के दौरान पुष्प वर्षा से शहर की सड़कें अट गई। गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा में भजनों की उठती स्वर लहरियों से जैतारण शहर का वातावरण धर्ममय बन गया। कलश यात्रा में महिलाएँ तथा वालिकाएँ रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धज कर सिर पर कलश धारण कर तीन-तीन की कतार में भजन-कीर्तन नाच-गान जयकार करती हुई चल रही थी। घुड़ सवार हाथ में धर्मपताका लेकर कलश यात्रा के आगे-आगे चल रहा था। नगाड़ा वाला शान से नगाड़ा बजाता हुआ आनंद ले रहा था। कलश यात्रा में ठाकुरजी महाराज की जय संत लिखमीदासजी महाराज की जय माली समाज जिन्दाबाद माली एकता-जिन्दाबाद के उठते गगन भेदी नारे व जयकारें आसमान को छूते मंगलगीतों की स्वर लहरियों से हर किसी का मन नाचने लगा। कलशयात्रा में पुरूषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक थी, जो महिलाओं की जागृति की सूचक है। कलशयात्रा के बाद सभी समाज बन्धुओं के लिए एक शानदार भोज (प्रसादी) की व्यवस्था श्री नारायणलाल भाटी रूपारेल की ओर से की गयी जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसादी का लाभ लिया।

108 कुंडीय यज्ञ........

तीन दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन 108 कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया। ब्यावर निवासी पण्डित श्री डॉ. ऋषभ देव एवं उनके दल ने वैदिक मन्त्रोचार के साथ 108 यजमान दम्पतियों के माध्यम से इस महत्त्वपूर्ण अनुष्ठान को सम्पन्न कराया। यजमान दम्पत्तियों ने सुवासित पदार्थो की आहुति देकर इस पुण्य लाभ को प्राप्त किया। यज्ञोपरांत दान के संकल्प के साथ पण्डितजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात् सभी 108 यजमान दम्पत्तियों ने नव प्रतिष्ठापित ठाकुरजी के मंदिर जाकर ठाकुरजी के





दर्शन कर यज्ञानुष्ठान की प्रक्रिया को पूर्णता प्रदान की। माली समाज, जैतारण के इतिहास में यह प्रथम अवसर था जब इतने बड़े पैमाने पर यज्ञ जैसा धार्मिक एवं पवित्र अनुष्ठान आयोजित हुआ। 108 कुण्डीय यज्ञ के सुवासित घुएँ से आसपास का सम्पूर्ण वातावरण शुद्ध होकर महक उठा।

इसी दिन सायंकाल मंदिर प्रांगण के निकट ही भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में पाली के भजन गायक श्री रमेश माली ने अपनी पार्टी सहित एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियाँ देकर सम्पूर्ण वातावरण को धर्ममय बना दिया। भजनों की प्रस्तुति के लिए बने शानदार मञ्च से सुविख्यात कलाकार रमेश माली ने लगभग 9.00 बजे गणनायक गजाननजी महाराज की स्मृति के साथ भजन गायन का शुभारम्भ किया तो श्रद्धालु श्रोता नाचने को मंजबूर हो गये। हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गणेशजी, श्री रामजी, हनुमानजी तथा लोक देवता बाबा रामदेव की स्तुति में गाये भजनों पर कलाकारों का साथ देकर उनका भरपूर उत्साहवर्द्धन किया। भजन गायन के मध्य ही माली समाज संस्था, जैतारण के पदाधिकारियों / कार्यकर्ताओं द्वारा भजन मण्डली का माल्यार्पण द्वारा सम्मान किया गया। इसी अवसर पर प्रतिष्ठा समारोह के निमित विभिन्न बोलियाँ भी लगायी जिनमें समाज के भामाशाहों ने उत्साहपूर्वक बढ़चढ़कर भाग लिया। समाज के उत्साही भामाशाहों ने बगेची में प्रस्तावित भवन निर्माण के निमित कई कक्ष (कमरे) निर्माण तथा अन्य सहयोग की घोषणाएँ की जिनका वहाँ उपस्थित विशाल श्रद्धालु समुदाय ने भारी करतल ध्वनि से स्वागत किया।

वहाँ उपस्थित प्रमुख भामाशाहों का माल्यार्पण द्वारा बहुमान किया गया।

भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव के तृतीय एवं प्रमुख दिवस 02 फरवरी 2013 शनिवार को पूरे जैतारण कस्बे में माली महाकुम्भ जैसा माहोल रहा। प्रातःकाल की मंगल वेला में प्रमुख यजमान (बोली दाता) श्री श्यामलाल तंवर सुपुत्र स्व. श्री बद्रीलाल तंवर की यजमानी में गगन भेदी जयकारे के साथ 'ठाकुरजी'' को शास्त्रीय विधि विधान पूर्वक प्रतिष्ठित किया गया। शोभायात्रा के रूप में एक शानदान जुलूस पूर्वक मंदिर की विशाल ध्वजा (पताका) तथा स्वर्णकलश को मंदिर तक लाया गया। माली समाज जैतारण के प्रमुख भामाशाह एवं समाजसेवी श्री बद्रीलालजी चौहान ''संत'' तथा उनके परिवार की तरफ से उनके ज्येष्ठ भ्राता श्री पुखराज जी चौहान ने गगन भेदी जयकारे के साथ मंदिर के शिखर पर अपने कर कमलों से स्वर्ण कलश स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त



किया जिसके लिए उन्होंने एक लाख ग्यारह हजार रूपये का नकद सहयोग भी प्रदान किया तथा उस दिन की सम्पूर्ण भोजन प्रसादी की व्यवस्था अपनी तरफ से की। स्वर्ण कलश स्थापित करने के तुरन्त पश्चात् भामाशाह एवं बोलीदाता श्री ने ठाकुरजी के मंदिर की विशाल पताका (ध्वजा) को अपने कर कमलों से फहराया तो समूचे वातावरण में ठाकुर जी महाराज की जय 'संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज की जय दरियाव जी महाराज की जय' जैसे नारों/जयकारों से गगन गुंजायमान हो उठा।

इस मुख्य समारोह के ठीक पश्चात् 'सिखवाल-भवन'' (बस स्टेण्ड, जैतारण में प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारे सभी अतिथियों) भामाशाहों, दानदाताओं के स्वागतार्थ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि होने का गौरव श्री बद्रीलाल चौहान संत (समाज सेवी) ने तथा अध्यक्षता करने का अहोभाग्य श्री नारायणलाल गहलोत (अध्यक्ष) ने प्राप्त किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री देवीचंद देवड़ा (अध्यक्ष-माली संस्थान, जोधपुर) श्री सुनिल परिहार-पूर्व अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर श्री ऊँकारराम कच्छावा अध्यक्ष, पुष्कर श्री माली-सैनी समाज सेवा संस्थान श्री सुरेन्द्र गोयल (पूर्व विधायक एवं मंन्त्री) के अलावा जैतारण तहसील के सम्मानित जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने समारोह की शोभा बढायी। सौभाग्य से पूज्य संतप्रवर श्री रामाशंकर जी महाराज, रामस्नेही सम्प्रदाय के श्री रामेश्वरजी महाराज का सुखद सान्निध्य प्राप्त हुआ। माली समाज जैतारण के सभी पदाधिकारियों तथा प्रमुख कार्यकर्ताओं ने सभी माननीय अतिथियों, भामाशाहों, दानदाताओं, बोलीदाताओं का माल्यार्पण तथा साफा पहनाकर बहुमान किया विशेष रूप से मञ्चासीन संतों को शॉल ओढ़ाकर तथा अन्य प्रकार से स्वागत सम्मान किया गया। जैतारण तहसील क्षेत्र के सभी क्षेत्रों से आये माली समाज के पदाधिकारियों, चुने हुए प्रतिनिधियों तथा जैतारण नगर के अन्य समाज के प्रतिनिधियों ने भी समाज सेवी श्री बद्रीजी संत का बहुमान किया। सभी सम्प्रदाय के जन प्रतिनिधियों ने श्री ''संत'' के सहयोग तथा माली-समाज के इस धार्मिक एवं सौहार्द पूर्ण आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि श्री देवीचंद देवड़ा श्री सुनिल परिहार तथा श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने इस अवसर पर अपने उद्‍बोधन में सामाजिक एकता, शिक्षा, सुसंस्कार तथा राजनैतिक जागरूकता विषयक विचार प्रकट किये। प्रमुख समाजसेवी व भामाशाह श्री बद्रीलाल चौहान ''संत'' ने सभी जाति, वर्ग, समुदाय से सौहार्दमय वातावरण बनाये रखते हुए क्षेत्र के विकास की बात कही। पूर्व विधायक श्री सुरेन्द्र गोयल ने धार्मिक समारोह के अवसर पर अपने सम्बोधन में बच्चों में सुसंस्कार उत्पन्न करने तथा शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। इस अवसर पर माली समाज की कार्यकारिणी तथा पूर्व पंचों का भी सम्मान किया गया। स्वागत समारोह का सञ्चालन युवा कार्यकर्त्ता श्री अविनाश गहलोत ने किया।

माली समाज बगेची (बस स्टेण्ड, जैतारण) में संत परिवार (श्री बद्रीलालजी चौहान) की ओर से प्रबंधित महाप्रसादी का सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने आनंद लिया और ठाकुर जी (श्री कृष्ण भगवान) से जैतारण क्षेत्र, राजस्थान प्रदेश और सम्पूर्ण राष्ट्र की खुशहाली की शुभकामना की

माली समाज विकास संस्था, निवाई में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह

# विद्यार्थियों को शिक्षित कर समाज के विकास में भागीदार बनें – श्री सैनी




27 जनवरी 2013 रविवार को निवाई तहसील माली समाज विकास संस्था निवाई की ओर से जिला स्तरीय छात्र/छात्रा अभिनन्दन समारोह गंगा-जमुना मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डांग विकास बोर्ड राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण सिंह सैनी, ने कहा कि बच्चें-बच्चियों को ज्यादा से ज्यादा पढा-लिखाकर उनको योग्य बनाना है। ताकि समाज एवं देश की सेवा कर सके तथा कुरीतियों के खिलाफ लडने का आव्हान किया। साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उन गरीब एवं अनपढ़ परिवार को दिलवाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय जागृति मंच के अध्यक्ष श्री मोती बाबा फुले ने कहा कि समाज में कई तरह की भ्रांतियां फैली हुई है। जिनसे लड़ने के लिये आप अपने बच्चें एवं बच्चियों को ज्यादा से ज्यादा पढाये एवं नुक्ता प्रथा, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा से लडने का आहवान किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि एडवोकेट श्री इन्द्रराज सैनी, अतिरिक्त महाधिवक्ता राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर ने कहा कि सरकार चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर तक पहुँचाने के लिये ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें।

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि श्री पूरणमल सैनी, पूर्व विशेषाधिकारी मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार ने भी समाज में फैली कुरितियों से लडने का आहवान किया। विशिष्ठ अतिथि श्री हनुमानप्रसाद सैनी, पूर्व अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका निवाई ने कहा कि मेरे कार्यकाल में नगरपालिका एवं राज्य सरकार द्वारा 3 बीघा 3 बिस्वा जमीन पर छात्रावास बनाने का आहवान किया। डॉ. रामावतार सैनी, शिशु रोग विशेषज्ञ व चिकित्साधिकारी गंगापुर, भीलवाडा ने कहा कि यह मान-सम्मान सही वक्त पर मुझे मिलता तो मैं आई.ए.एस. होता। विशिष्ट अतिथि श्री रतनलाल माली, प्राचार्य नवोदय विद्यालय बूंदी ने बताया कि मेरा जन्म स्थान निवाई है एवं मेरा परिवार भी निवाई में रहता है। इसलिए निवाई माली समाज ने मेरा सम्मान किया। इसके लिए मैं बहुत-बहुत आभारी हूँ। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट श्री मनोज अजमेरा, प्रदेशाध्यक्ष युवा महासभा राजस्थान जयपुर, श्री बाबूलाल सैनी उपजिला प्रमुख टोंक, श्री कालूराम सैनी बोरिंग वाले जयपुर, श्री दुर्गालाल सैनी उपाध्यक्ष नगरपालिका निवाई, श्री कमलेश सिंगोदिया भाजपा शहर अध्यक्ष टोंक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

संस्था के अध्यक्ष डॉ. लालचन्द सैनी द्वारा सन् 2012 में कक्षा 10वी में जिला मैरिट आई समाज की 5 छात्राओं को साईकिल देकर सम्मानित किया साथ ही संस्था के महामंत्री एवं टोंक जिला समाज के माली अध्यक्ष श्री सीताराम कटारा ने बाहर से आने वाले एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में युवा महासभा के जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्र सैनी, निवाई महासभा के श्रभ्छोटूलाल घीया, श्री जगदीश मुन्शी, श्री रामसहाय मुन्शी, श्री जगदीश रण्डा, श्री रमेश चन्द घीया, श्री लालचन्द सैनी, श्री लल्लूराम सैनी, श्री रामअवतार अजमेरा आदि उपस्थित थे।



# बिंजवाडिया में 161 युवाओं ने किया रक्तदान



रक्तदाता का सम्मान करते पुष्कर धर्मशाला अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा एवं माली संस्थान उपाध्यक्ष श्री बाबूलाल परिहार, जेडीए चेयरमेन श्री राजेन्द्र सोलंकी एवं भारत सेवा संस्थान के श्री नरपतसिंह कच्छवाहा

नवयुवक मण्डल बिंजवाडिया एवं भारत सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन सेठ मांगीलालजी सुखियादेवी जी गहलोत राजकी बालिका माध्यमिक स्कूल हनुमान सागर बिंजवाडिया में किया गया जिसमें 35 युवतियों सहित 161 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान कर मानव सेवा का संकल्प लिया। भारत सेवा संस्थान के चिकित्सा प्रभारी श्री नरपतसिंह कच्छवाहा नवयुवक मण्डल बिंजवाडिया के अध्यक्ष श्री अशोक भाटी नें बताया की शिविर में सुबह से ही युवाओं में जोश एवं उत्साह का माहौल सा हो गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जोधपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी, जोधपुर जिला प्रमुख श्रीमती दुर्गा देवी बलाई उप जिला प्रमुख श्री हिरालाल मुण्डेल बालरवा सरपंच श्री बाबुलाल परिहार, बिंजवाडिया सरपंच श्रीमती रामप्यारी परिहार, सरपंच पति श्री बाबुलाल परिहार, मालुंगा सरपंच श्री जैनाराम गहलोत जन सहयोग मंच के जिला संयोजक श्री सांवर परिहार, चौपासनी सरपंच श्री लिखमाराम सांखला औसियां के श्री राधुसा चाण्डक एन.एस. यु. आई. के जिला अध्यक्ष श्री कुश गहलोत, ब्लोक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री बंशीलाल कच्छवाहा छात्र नेता श्री छंवर सिंह परिहार बिंजवाडिया, श्री गंगाराम कच्छवाहा, अध्यक्ष कॉआपरेटिव श्री दुर्गाराम भाटी, श्री लिखमाराम सांखला, श्री शेषकरण परिहार, श्री इन्द्राराम टाक, श्री सत्यनारायण परिहार, श्री बुद्वाराम देवासी, श्री लक्ष्मण सिंह गहलोत सहित आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**इनका रहा विशेष सहयोग**

रक्तदान शिविर को सफल बनना में विशेष रूप से मयुराक्षी कॉलेज के एमडी श्री सांवलराम सांखला, श्री जयनारायण सांखला, जन सहयोग मंच के जिला संयोजक श्री सांवर परिहार, नवयुवक मण्डल के कार्यक्रम संयोजक श्री ओमप्रकाश कच्छवाह, नवयुवक मण्डल चौपासनी अध्यक्ष श्री रामकिशोर परिहार, मथानिया नवयुवक मण्डल श्री अध्यक्ष महेन्द्र परिहार, तिंवरी के श्री जितेन्द्र परिहार, श्री युधिष्टिर परिहार उपसंयोजक जन सहयोग मंच, जिला प्रवक्ता श्री अशोक टाक, श्री पुखराज परिहार, राहुलगंधी क्राग्रेस के श्री प्रकाश परिहार दिनेश परिहार ।

# मारवाड़ सेवा संस्थान कार्यकारिणी गठन

10 फरावरी 2013 जैताराण (पाली) सेवा संस्थान जैतारण के सभी सदस्यों की बैठक स्थानीय मालियान समाज बगीची प्राईवेट बस स्टेण्ड में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता श्री शिव प्रतापसिंह वाधेला संस्थापक नोबल शिक्षण संस्थान जैतारण तथा मुख्य अतिथि श्रीमान मोतीलाल साँखला राष्ट्रीय अध्यक्ष महात्मा जयोति बा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच, विशिष्ठ अतिथि श्री मिश्रीलाल सोलंकी जिलाध्यक्ष महात्मा ज्योति बा फुले राष्ट्रीय मंच पाली व श्री नारायणलाल गहलोत अध्यक्ष माली (सैनी) समाज संस्थान जैतारण थे।

बैठक में नये पुराने, संभावित 25 सदस्याओं ने भाग लेकर सेवा संस्थान का नाम सर्वसहमति से मारवाड़ सेवा संस्थान जैतारण रखा गया तथा संस्थान की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसके पदाधिकारी निम्नानुसार सर्व सहमति से चुने गए

**सरंक्षक :** श्रीमान मोतीलालजी साँखला, श्रीमान चन्द्र प्रकाश जी मेवाड़, श्रीमान अमरा रामजी भाटी, श्रीमान रामेश्वरलालजी भाटी, **अध्यक्ष :** श्रीमान किशनलालजी साँखला, **वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** श्रीमान नारायणलाल जी गहलोत, **उपाध्यक्ष :** श्रीमान बालूसिंह जी, **सचिव :** श्रीमान भागीरथ जी भाटी, **सह सचिव :** श्रीमान जब्बर चन्द जी गहलोत, **संयुक्त सचिव :** श्रीमान जगदीश प्रसाद जी तँवर, **कोषाध्यक्ष :** श्रीमान लक्ष्मीनारायण जी गहलोत, **संगठन सचिव :** श्रीमान बाबूलालजी गहलोत, श्रीमान धमेन्द्र जी भाटी, पन्नालालजी पालड़िया, **प्रचार मंत्री :** श्रीमान पूनमसिंह जी, चोलारामजी भाटी, **सदस्यः** शिव प्रतापसिंह, मदनलाल गहलोत, जितेन्द्र साँखला बगदाराम रूणेचा भाटी, जसराज गहलोत लक्ष्मणराम सोलंकी।

# माली सैनी संदेश

## ही क्यों ?



**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई.
सहित पांच हजार पाठकों
का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक
गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी
जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे
देश ही नहीं विदेश में भी।

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK


| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .**

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग
मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स
के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर



माली समाज के वरिष्ठ समाजसेवी

# श्री ऊँकारराम कच्छवाहा

के अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन
पुष्कर के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित
होने पर
हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं

श्री ऊँकारराम कच्छवाहा



अश्रुपूरित श्रृद्धांजलि

# श्री मुकेश परिहार

(सुपुत्र श्री मेघाराम परिहार)

के आकस्मिक निधन पर
अश्रुपूरित श्रृद्धांजलि अर्पित करते है।

शोकाकुल : माली सैनी संदेश परिवार

Postal Regd. No. Jodhpur/221/2009-2011

NO. RAJHIN12897/20/1/2004-TC





## जोधपुर विकास प्राधिकरण चेयरमेन

# श्री राजेन्द्र सोलंकी

## को 59वें जन्मदिवस

# की हार्दिक शुभकामनाएं



श्री राजेन्द्रजी सोलंकी 58वें जन्मदिवस पर केक काटते हुए

फोटो : सुन्नू स्टुडियो, जोधपुर

## शुभेष्छु : माली सैनी संदेश परिवार

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं सम्पादक मनीष गहलोत के लिए मुद्रक मोहम्मद मुस्लिम द्वारा हिन्दुस्तान प्रिण्टिंग हाउस इन साईड ईदगाह कम्पाउण्ड जालोरी गेट, जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय, 31, गणपति मार्केट नई सड़क, जोधपुर से प्रकाशित।

फोन : 09414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org